# बागेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव शुरू

- 29 तक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सुनाएंगे श्रीमद्भागवत कथा
- देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 23 जुलाई. बागेश्वर धाम में नौ दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हो गया.गुरुवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री धाम पहुंच गए. 23 से 29 जुलाई तक वे श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगे. आयोजन में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसके मद्देनजर व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं.**

बागेश्वर जन सेवा समिति के सेवादार नितेंद्र चौबे ने बताया कि प्राचीन माता मंदिर से निकली कलश यात्रा कथा स्थल तक पहुंची.यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए, जबकि ढोल-नगाड़ों, घोड़ों और ऊंटों के साथ धार्मिक वातावरण बना रहा. समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद वितरण और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है.महोत्सव के तहत 23 से 25 जुलाई तक पूर्व पंजीकृत श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा दी जाएगी.वहीं 26 से 28 जुलाई तक पहले से दीक्षित शिष्यों के लिए गुरु-शिष्य मिलन कार्यक्रम आयोजित होगा. 29 और 30 जुलाई को सद्गुरु भगवान संन्यासी बाबा की पादुकाओं का पूजन किया जाएगा.आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेने खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल और बमीठा थाना प्रभारी बाल्मिक चौबे ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया.

## बागेश्वर धाम में होटल-लॉज की सघन जांच



बागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया.खजुराहो एसडीओपी और बमीठा थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धाम क्षेत्र के होटल, लॉज और ढाबों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान पुलिस ने होटल और लॉज के कमरों की तलाशी लेने के साथ ठहरे हुए आगंतुकों के पहचान पत्र, होटल रजिस्टर और अन्य अभिलेखों की जांच की.संचालकों को प्रत्येक आगंतुक का वैध पहचान पत्र दर्ज करने और नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए. बमीठा थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने 10 सूत्रीय निर्देश जारी करते हुए बिना पुलिस सत्यापन किसी कर्मचारी को नियुक्त नहीं करने, सीसीटीवी कैमरे चालू रखने, मास्क या हेलमेट हटाकर पहचान सुनिश्चित करने तथा सभी आवश्यक लाइसेंस प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए. पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# बहू पर 102 साल की सास को छत से धक्का देने का आरोप

- घायल वृद्धा ने 6 दिन बाद इलाज के दौरान तोड़ा दम
- पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने जांच तेज की




**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 23 जुलाई. नौगांव कस्बे में घरेलू विवाद के दौरान बहू पर अपनी 102 वर्षीय सास को छत से धक्का देने का आरोप है.गंभीर रूप से घायल वृद्धा की छतरपुर जिला अस्पताल में छह दिन तक इलाज के बाद मौत हो गई. गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया.अब मामले की जांच हत्या के एंगल से आगे बढ़ाई जा रही है.**

परिजनों के अनुसार घटना पिछले शुक्रवार की है.घरेलू विवाद के दौरान आरोपी बहू ज्योति रैकवार ने कथित रूप से अपनी सास गौराबाई गुप्ता को मकान की छत से धक्का दे दिया.गंभीर रूप से घायल गौराबाई को पहले नौगांव स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां बुधवार रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई.मामले से जुड़ा एक और पहलू भी सामने आया है.परिजनों के अनुसार ज्योति रैकवार ने वर्ष 2025 में गौराबाई के बेटे संजय गुप्ता से प्रेम विवाह किया था.इसके बाद परिवार में विवाद रहने लगे.14 अप्रैल 2026 को संजय गुप्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी.पुलिस को मिले कथित सुसाइड नोट में उसने पत्नी सहित उसके मायके पक्ष के लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे.

वृद्धा की मौत के बाद नौगांव पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है.पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.यदि जांच में आरोपों की पुष्टि होती है, तो आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी.

# जमीन विवाद में किसान पर किया जानलेवा हमला

- एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार
- घायल युवक कोमा में, गंभीर धाराएं बढ़ाने की मांग




**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 23 जुलाई.जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा में जमीन विवाद को लेकर किसान परिवार पर कथित जानलेवा हमले का मामला सामने आया है. पीड़ित परिवार ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले में हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग की.**

पीड़ित धनीराम पाल के अनुसार, 3 जुलाई की शाम वे परिवार के साथ अपने खेत पर काम कर रहे थे.इसी दौरान कुछ लोग ट्रैक्टर लेकर पहुंचे और उनकी जमीन को जबरन जोतने लगे.विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया.हमले में धनीराम पाल, उनकी पत्नी बिट्टी बाई, पुत्र तथा भतीजे नरेंद्र पाल घायल हो गए.परिजनों का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे नरेंद्र पाल के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई.उनके सिर में 21 टांके लगे हैं और वे ग्वालियर में उपचाराधीन हैं.वहीं बिट्टी बाई के सिर में भी गंभीर चोट आई, जिसके चलते आठ टांके लगाए गए. पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के बाद राजनगर थाने में अपराध क्रमांक 0171/2026 दर्ज किया गया, लेकिन गंभीर घटना के बावजूद पुलिस ने हल्की धाराओं में मामला दर्ज किया.परिवार का आरोप है कि अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है और वे खुलेआम घूमते हुए समझौते का दबाव बना रहे हैं तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं.परिवार ने एसपी से मामले में निष्पक्ष जांच कर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराएं जोड़ने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

# एक माह में ही सड़क में पड़ीं दरारें

- ग्रामीणों ने लगाए घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार के आरोप
- अधिकारी बोले- जांच करवाएं, कार्रवाई की जाएगी



**नवभारत न्यूज**

**चंदला, 23 जुलाई.** गौरीहार जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत उदयपुर के ग्राम बेरी में हाल ही में निर्मित सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि रामसरूप पटेल के मकान से रामकिशोर पटेल के मकान तक लगभग 150 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण बीते माह कराया गया था, लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं.

ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में न तो वाइब्रेटर का उपयोग किया गया और न ही निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री डाली गई.आरोप है कि 8 इंच मोटाई के स्थान पर मात्र लगभग 3 इंच मोटाई में सीसी रोड तैयार कर दी गई, जिसके कारण सड़क कई स्थानों पर टूटने लगी है और जगह-जगह लंबी दरारें दिखाई दे रही हैं. वहीं, निर्माण कार्य का हिस्सा रही नाली का काम भी अब तक अधूरा पड़ा है. ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने, गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी सरपंच, सचिव, उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है.ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनआंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे.

### इनका कहना है

जिला पंचायत छतरपुर सीईओ विनय द्विवेदी ने कहा कि आपके द्वारा जानकारी दी गई है,जांच कराएंगे.गौरीहार जनपद सीईओ भारती ठाकुर से बात की तो उन्होंने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी.



# परिजन ने सटई बस स्टैंड पर किया चक्काजाम

- डॉक्टर नहीं मिलने का आरोप, मरीज की मौत

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 23 जुलाई. जिले के सटई कस्बे में गुरुवार को स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए. बहारगंज निवासी 35 वर्षीय मथू पाल की सीने में दर्द की शिकायत के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई. परिजनों का आरोप है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सटई में डॉक्टर मौजूद नहीं थे, इस कारण समय पर उपचार नहीं मिल सका.**

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 8 बजे मथू पाल को सीने में तेज दर्द होने पर परिजन उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सटई लेकर पहुंचे.परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने के कारण मरीज को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया. हालांकि, जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई.घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सटई बस स्टैंड पर चक्का जाम कर दिया.प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अस्पताल में नियमित चिकित्सकों की तैनाती तथा मामले की जांच की मांग की.सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया.वहीं, स्वास्थ्य विभाग की ओर से मामले की जांच किए जाने की बात कही गई है.परिजनों द्वारा लगाए गए डॉक्टर के अनुपस्थित रहने के आरोपों की भी जांच की जाएगी.

# 10 साल पुराने दुष्कर्म मामले का फरार वारंटी गिरफ्तार

- 'न्याय पथ अभियान' के तहत लवकुशनगर पुलिस की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 23 जुलाई.** पुलिस के 'न्याय पथ अभियान' के तहत लवकुशनगर पुलिस ने वर्ष 2016 के दुष्कर्म प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है.आरोपी को विधिवत कार्रवाई के बाद गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया.

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देश पर जिलेभर में फरार आरोपियों और पुराने लंबित मामलों के वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है.इसी अभियान के तहत लवकुशनगर थाना पुलिस ने अमृतलाल प्रजापति, निवासी ग्राम उचेहरा, जिला सतना को गिरफ्तार किया. आरोपी वर्ष 2016 में दर्ज दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा था और उसके विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था.पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया.पुलिस का कहना है कि जिले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.

# स्कूल गए सरवई के दो किशोर लापता

**छतरपुर.** गौरिहार के सरबई थाना क्षेत्र से दो किशोरों के लापता होने का मामला सामने आया है.ग्राम सरबई निवासी मित्रांशु उर्फ राघवेंद्र शुक्ला (13-14 वर्ष) और उसका मित्र शिवम पटेल सोमवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे.परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश के बाद पुलिस से दोनों की खोजबीन की गुहार लगाई है.

# किशोर सागर तालाब की शुरू हुई सफाई

- नगर पालिका का दावा 10 दिन में पूरा होगा अभियान
- नागरिकों ने की गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 23 जुलाई.** शहर के किशोर सागर तालाब में फैली गंदगी और दुर्गंध का मामला सामने आने के बाद नगर पालिका ने तालाब की सफाई शुरू कर दी है. दो नाव और चार मछुआरों की मदद से तालाब में फैली जलकुंभी, कचरा और सड़ चुकी मृत मछलियों को बाहर निकाला जा रहा है.नगर पालिका का दावा है कि करीब 10 दिनों में सफाई अभियान पूरा कर लिया जाएगा.

स्थानीय लोगों का कहना है कि मीट मंडी और आसपास के कुछ क्षेत्रों से मांस व अन्य जैविक अपशिष्ट तालाब में फेंके जाने से पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है.इसके कारण मछलियों की मौत हो रही है और आसपास के क्षेत्र में बदबू फैल रही है, जिससे पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है. नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल सफाई अभियान चलाने तक सीमित न रहकर तालाब को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए.साथ ही तालाब के चारों ओर सुरक्षा बाउंड्री नहीं होने से हादसे की आशंका जताते हुए जल्द स्थायी समाधान और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है.

# नदी में डूबे युवक का शव मिला

**छतरपुर.** ईशानगर थाना क्षेत्र के हतनाई गांव निवासी संजू उर्फ सीताराम आदिवासी (28) का शव नदी से बरामद किया गया.वह बीती शाम नहाने के दौरान अचानक पानी बढ़ने से तेज बहाव में बह गया था.रातभर तलाश के बाद एनडीआरएफ, होमगार्ड और पुलिस की संयुक्त टीम ने करीब दो घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद शव बाहर निकाला.पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का केंद्र पर हमला

- युवाओं के समर्थन में निकाला कैंडल मार्च
- निष्पक्ष जांच और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग




**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 23 जुलाई.देशभर में पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं के विरोध में चलाए जा रहे कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत छतरपुर में कांग्रेस नेताओं ने प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया.**

प्रेसवार्ता के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवाओं के समर्थन में कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया. कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुए कथित पुलिस बल प्रयोग की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया.कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी का संदेश एलईडी स्क्रीन पर भी दिखाया गया. पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े और यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह परमार ने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया.कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में कई छात्र घायल हुए और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया.पार्टी ने राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिए जाने की भी आलोचना की.

कांग्रेस नेताओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से आयोजित कराने, पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और प्रभावित युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग दोहराई. पार्टी ने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में देशभर में 152 से अधिक पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं.

**असुविधा** — लंबे समय से नहीं हुई नालियों की सफाई, सड़क पर बहता ही गंदगी

# गंदे पानी से होकर स्कूल जाने को मजबूर बच्चे



**नवभारत न्यूज**

**लवकुशनगर,23 जुलाई. लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बलकौरा के ग्राम लोधीनपुरवा में साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है. गांव की मुख्य सड़कों और गलियों में नालियों का गंदा पानी जमा होने से ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

हालात ऐसे हैं कि बच्चों को प्रतिदिन गंदे पानी से होकर स्कूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है.

ग्रामीणों का कहना है कि नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल गया है. सरपंच और सचिव को शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत प्रशासन सफाई व्यवस्था की अनदेखी कर रहा है तथा सफाई के नाम पर केवल भुगतान किया जाता है, जबकि मौके पर नियमित सफाई नहीं होती.

> ग्रामीण रामसरूप राजपूत, शिवकरन राजपूत तथा स्कूली छात्र-छात्राओं शनि राजपूत, अंकिता राजपूत और अंजना राजपूत ने बताया कि बरसात के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है. सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण स्कूल पहुंचने में काफी कठिनाई होती है. अभिभावकों ने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग की है. ग्रामीणों ने पंचायत में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं. उनका आरोप है कि ग्राम बलकौरा में मुख्य सड़क से शांति धाम तक लगभग एक माह पूर्व निर्मित सीसी सड़क कई स्थानों पर दरकने लगी है.

# सीआरपीएफ जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- तिहाड़ जेल में पदस्थ थे, छुट्टी पर घर आए थे
- पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 23 जुलाई. नौगांव थाना क्षेत्र की परम कॉलोनी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची.पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.**

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 43 वर्षीय राकेश यादव पुत्र कमल यादव के रूप में हुई है.वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के रावतपुरा खुर्द गांव के निवासी थे और वर्तमान में परिवार के साथ नौगांव की परम कॉलोनी में रह रहे थे.राकेश यादव दिल्ली की तिहाड़ जेल में पदस्थ थे.वे 12 जुलाई को अवकाश पर घर आए थे.13 जुलाई को उनकी बेटी की सगाई हुई थी और 28 जुलाई को उन्हें दोबारा ड्यूटी ज्वाइन करनी थी.मंगलवार रात उन्होंने घर में गमछे के सहारे पंखे से फांसी लगा ली थी.

बीते दिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर जांच शुरू की.पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है.परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है.